तापमान
अधिकतम 37.5°C
न्यूनतम 21.6°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

13 लंबित वेतन पर एनएचएम कर्मचारियों ने जताया रोष



14 सेवा ज्योति यात्राओं को लेकर दिखा लोगों में जोश



खबर संक्षेप

गोहाना : 11 को नौ घंटे बिजली बाधित रहेगी

गोहाना। बिजली निगम की ओर से 132 केवी जसिया-गोहाना लाइन पर 11 अक्टूबर को तकनीकी कार्य किया जाएगा। इसके चलते 132 केवी गोहाना बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम की ओर से इस अवधि में नौ घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। एसडीओ रोहित ने बताया कि जसिया-गोहाना लाइन गोहाना बिजलीघर का मुख्य फीडिंग स्रोत है। शटडाउन के दौरान बिजलीघर में 132 केवी ब्रेकर और जंपर्स को पुनः व्यवस्थित किया जाएगा। इसके अलावा नए 132 केवी बस आइसोलेटर और पोस्ट इंसुलेटर को सर्किट में जोड़ा जाएगा। तकनीकी कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में गांव बड़वासनी निवासी मोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार छह अक्टूबर को सहायक उप निरीक्षक प्रवेश टीम के साथ ककरोई चौक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि मोनू महलाना रोड पर नहर की पटरी के पास अवैध पिस्तौल लेकर किसी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी लोअर की दाहिनी डब से देशी पिस्तौल बरामद हुई। पिस्तौल की जांच करने पर बैरल में एक जिंदा कारतूस मिला। थाना सदर सोनीपत में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

उद्घोषित अपराधी अजय गिरफ्तार, जेल भेजा

सोनीपत। थाना राई पुलिस ने उद्घोषित अपराधी अजय पुत्र योगेश निवासी शिवपुरी कॉलोनी, कुंडली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना राई की अनुसंधान टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक योगेश पुलिस टीम के साथ उद्घोषित अपराधियों, जमानत पर छूटकर फरार आरोपितों और पैरोल पर गए आरोपितों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान वर्ष 2017 के अवैध हथियार मामले में संलिप्त अजय को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक अदालत ने वर्ष 2026 में उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण बैठक में 22 एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा

शिकायतों के समाधान में खानापूर्ति करने वालों के खिलाफ एसएमडीए की नजरें टेढ़ी

म्हारी सड़क एप की 250 शिकायतों में 72 का समाधान, 92 पर काम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लघु सचिवालय में बुधवार को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की जिला स्तरीय समन्वय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सलाहकार शहरी विकास डीएस ढेसी ने की। बैठक में शहर के विकास कार्यों, यातायात व्यवस्था, जल निकासी, प्रदूषण नियंत्रण और नागरिकों की शिकायतों के समाधान समेत 22 एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की गई। डीएस ढेसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर और म्हारी सड़क ऐप पर प्राप्त शिकायतों की पूरी जांच कर वास्तविक स्थिति के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। शिकायतों के समाधान में खानापूर्ति मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसएमडीए अधिकारियों ने बताया कि म्हारी सड़क एप पर अब तक 250 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 72 का समाधान किया जा चुका है, जबकि 92 शिकायतों पर काम चल रहा है। डीएस ढेसी ने लंबित शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



सोनीपत। अधिकारियों की बैठक लेते शहरी विकास के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी।

बहालगढ़ रोड की जल निकासी की बनेगी डीपीआर

बहालगढ़ रोड पर जलभराव और जल निकासी की समस्या पर अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। अटेरेना स्थित सीवेज शोधन संयंत्र से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। डीएस ढेसी ने स्वयं मौके का निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने शहर के आसपास बने कचरा डंपिंग क्षेत्रों की सफाई प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए।

मीटिंग में मेट्रो और आरआरटीएस की भी जांची प्रगति

रिठाला-कुंडली मेट्रो लाइन के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रधान सलाहकार शहरी विकास डीएस ढेसी ने अधिकारियों को जरूरी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो निर्माण कार्य शुरू होने के बाद शहर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्माण से पहले वैकल्पिक मार्गों की पहचान कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक में कुंडली मेट्रो स्टेशन से संबंधित भूमि कार्यों की भी समीक्षा की गई। डीएस ढेसी ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ भूमि संबंधी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना के कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके अलावा क्षेत्रीय त्वरित परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) परियोजना के डिपो के लिए प्रस्तावित भूमि से जुड़े कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को परियोजनाओं से जुड़े कार्य निर्धारित समय में पूरा करने और आपसी तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए।

प्रदूषण नियंत्रण और सड़क मरम्मत पर जोर

बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा की गई। डीएस ढेसी ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू होने से पहले सड़कों के निर्माण और गड्ढों की मरम्मत के कार्य पूरे करने को कहा। उन्होंने प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र के बाद ही वाहनों को ईंधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानकारी ली। पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस के कनेक्शन बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

लघु सचिवालय और रेलवे स्टेशन के पास बनेंगे फुटपाथ

सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के तहत शहर में पैदल यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए फुटपाथ निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में लघु सचिवालय और रेलवे स्टेशन से चारों दिशाओं में 500 मीटर की दूरी तक फुटपाथ निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों को फुटपाथ निर्माण के दौरान पैदल यात्रियों की आवाजाही और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।वहीं बैठक में नए बस अड्डे की प्रगति की भी समीक्षा की गई। रोडवेज महाप्रबंधक ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के डिपो का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। अधिकारियों ने परियोजना से जुड़े अन्य कार्यों की जानकारी भी दी।

बारोटा में चोरी की गाड़ियां काटने वाले गैंग की कुंडली खंगालने में जुटी पुलिस

दिल्ली से चोरी वाहन बारोटा लाकर काटने का मामला, पुर्जे खपाने वाले नेटवर्क की भी जांच

इंजन, टायर, डैशबोर्ड समेत अन्य पुर्जे किन लोगों को बेचे जाते थे, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव बारोटा में चोरी की गाड़ियों को काटकर उनके पुर्जे अलग करने के मामले में सीआईए-3 ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। गोदाम में छापा मारकर चोरी की गाड़ियां काटे जाने का मामला सामने आने के बाद पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। जांच में मुख्य रूप से यह पता लगाया जा रहा है कि दिल्ली से चोरी किए गए वाहनों को बारोटा तक कौन पहुंचाता था और काटने के बाद उनके पुर्जे किन लोगों को बेचे जाते थे।

ऐसे हुआ था खुलासा

सीआईए-3 में नियुक्त एसआई यशवीर की टीम ने बारोटा स्थित गोदाम में छापा मारकर चोरी के वाहनों को काटे जाने का खुलासा किया था। मामले में बारोटा निवासी लक्ष्य और दिल्ली निवासी सतपाल सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। प्रारंभिक जांच में गोदाम से मिले वाहनों का संबंध दिल्ली में दर्ज चोरी के मामलों से सामने आया है।



वाहनों की पहचान छिपाने का भी खेल चल रहा था

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वाहनों की पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट हटाने और चेसिस नंबर से छेड़छाड़ किस तरह की जाती थी। इंजन, टायर, डैशबोर्ड समेत अन्य पुर्जे किन लोगों को बेचे जाते थे, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने जल्द खुलासे का भी दावा किया है।

पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही

सीआईए-3 प्रभारी रविंद्र दहिया ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मामले से जुड़े अन्य लोगों और चोरी की वारदातों के संबंध में जानकारी मिलने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय हॉर्टिकल्चर मंडी में सुविधाओं की जानकारी लेने पहुंचा कुवैत का प्रतिनिधिमंडल

मंडी के लेआउट, संरचना और व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

अंतरराष्ट्रीय हॉर्टिकल्चर फल एवं सब्जी मंडी गन्नौर में बुधवार को कुवैत के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल रहे। मंडी परिसर में पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और मंडी की विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। दौरे के दौरान कुवैत के प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्राष्ट्रीय हॉर्टिकल्चर मंडी के लेआउट का अवलोकन किया।

- डेलीगेशन में तीन महिलाएं और पुरुष अधिकारी थे
- दौरे के बाद दल दिल्ली रवान हो गया

अधिकारियों ने उन्हें मंडी की संरचना, सुविधाओं और विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। प्रतिनिधिमंडल ने मंडी परिसर का भ्रमण कर परियोजना की कार्यप्रणाली को समझा।

प्रतिनिधिमंडल के स्वागत के लिए चीफ इंजीनियर महेंद्र सिंह, इंजीनियर बिजेंद्र सिंह, एसडीओ मनीष, प्रदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महेंद्र सिंह ने बताया कि हॉर्टिकल्चर फल एवं सब्जी मंडी गन्नौर क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। विदेशी प्रतिनिधिमंडल का दौरा मंडी की व्यवस्थाओं और परियोजना में रुचि को दर्शाता है। दौरा पूरा करने के बाद कुवैत का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के लिए रवाना हो गया।



गन्नौर। कुवैत के डेलीगेशन का स्वागत करते मंडी के अधिकारी।

होटल के घुसकर मारपीट करने व फोन छीनने के दो और आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत। थाना मुरथल पुलिस ने होटल में घुसकर मारपीट और मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव सोहटी निवासी सुमित और गांव जुआं निवासी नितेश हैं।



दोनों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल की रात जीटी रोड मुरथल स्थित होटल संचालक सूरज ने शिकायत दी थी कि पंकज अपने छह-सात साथियों के साथ दो गाड़ियों में होटल पहुंचा। आरोपितों ने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे और हाथों में लकड़ी के बिट्टे थे। होटल का गेट तोड़कर अंदर घुसे आरोपितों ने कर्मचारी दाउद के सिर पर लकड़ी के बिट्टों से हमला कर घायल कर दिया और महिला कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनकर ले गए। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी।

मामले में थाना मुरथल में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पहले पंकज पुत्र श्रीभगवान निवासी सेक्टर-23, सोनीपत को गिरफ्तार किया था। अब सहायक उप निरीक्षक राजेश की टीम ने सुमित और नितेश को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

किराना दुकानदार निकला मौत का सौदागर, 13.02 ग्राम हेरोइन बरामद



सोनीपत। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की गिरफ्त में आरोपी दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की सोनीपत इकाई ने ताजपुर गांव में किराना दुकान की आड़ में हेरोइन बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 13.02 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थ की अवैध बाजार में कीमत करीब 1.25 लाख रुपये आंकी गई है। मामले में मुरथल थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। यूनिट प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार के अनुसार नशा रोधी गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि ताजपुर निवासी दिनेश उर्फ पाला किराना सामान बेचने के साथ हेरोइन की बिक्री भी करता है। सूचना के आधार पर टीम ताजपुर से पहले बनी कॉलोनी में स्थित उसकी दुकान पर पहुंची। दुकान के बाहर बनी पौड़ी पर एक व्यक्ति बैठा मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश उर्फ पाला पुत्र भगत सिंह निवासी ताजपुर बताया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपित के कुर्ते की जेब से पीले रंग की मोमी पन्नी मिली। इसमें हल्के पीले रंग का पदार्थ था, जिसे आरोपित ने हेरोइन बताया। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तोलने पर मोमी पन्नी सहित वजन 13.02 ग्राम निकला।

पंजाब व उत्तर प्रदेश में चल रही तकनीकी कार्यों के चलते दर्जनभर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

पश्चिम एक्सप्रेस 3, जम्मू मेल ढाई, बठिंडा 2 घंटे और सवारी गाड़ियां भी 3 घंटे तक की देरी से स्टेशन पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

उत्तर रेल मंडल ने पंजाब और उत्तर प्रदेश में चल रहे तकनीकी कार्यों के चलते अलग-अलग जगह 8 व 10 अक्तूबर तक पावर एवं यातायात ब्लॉक लिया है। जिसके चलते दिल्ली से अंबाला के रास्ते पंजाब आवागमन करने वाली दर्जनभर से ज्यादा सुपरफास्ट एक्सप्रेस व एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ कई सवारी गाड़ियों का भी परिचालन प्रभावित है।

- ट्रेनों के लेट आने से यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर यात्रा शुरू कर करीब एक से डेढ़ घंटे की देरी से गंतव्य तक पहुंच पा रही हैं, जबकि कई एक्सप्रेस ट्रेनों की देरी के परिचालन की पहले से सूचना जारी की गई है। वहीं कुछ ट्रेनों का बीच मार्ग तक परिचालन किया जा रहा है।



जिससे पंजाब या उत्तर प्रदेश की ओर आवागमन करने वाले यात्रियों को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि पंजाब के फिरोजपुर डिवीजन के साहनेवाल-अमृतसर सेक्शन पर फगवाड़ा जंक्शन यार्ड में दिव्यांगों के लिए 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज (एफओबी) को लगाने के लिए पावर एवं यातायात ब्लॉक लिए गया है। वहीं आगरा डिवीजन के पलवल-मथुरा जंक्शन सेक्शन में यूपी, डीएन, तीसरी व चौथी लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही को अलग करने के लिए मथुरा (फेज-II) और भूतेश्वर स्टेशन पर यार्ड री-मॉडलिंग का कार्य जारी है। यही कारण है कि लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों को रद्द करने के अलावा समय परिवर्तन, मार्ग परिवर्तन या बीच मार्ग के स्टेशनों तक परिचालन किया जा रहा है।

कल इन ट्रेनों का प्रभावित होगा परिचालन

वीरवार को 12060 सचखंड एक्सप्रेस व 20897 हीराकुंड एक्सप्रेस आधा घंटा, जबकि 11078 झेलम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे लेट चलेगी। इसी दिन ट्रेन का नई दिल्ली से गाजियाबाद, आगरा कैंट के रास्ते परिचालन होगा। फरीदाबाद, मथुरा, राजा की मंडी जंक्शन के लिए ट्रेन रद्द रहेगी।

दिल्ली-पंजाब रूट की प्रभावित ट्रेनें

बुधवार को नई दिल्ली से पंजाब के अमृतसर तक आवागमन करने वाली ट्रेन संख्या 12497-98 शान-ए-पंजाब का लुधियाना तक परिचालन किया गया। साथ ही ट्रेन का लुधियाना से ही परिचालन शुरू किया गया। इसके अलावा 14331 कालका एक्सप्रेस रद्द रही। ट्रेन संख्या 11057 दादर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 40 मिनट, 12926 पश्चिम एक्सप्रेस 3 घंटे, 20434 जम्मू मेल 2:37 घंटे, 14054 हिमाचल एक्सप्रेस 1:18 घंटे, 14508 बठिंडा एक्सप्रेस 1:50 घंटे, 12919 मालवा एक्सप्रेस 1:45 घंटे, 14507 बठिंडा एक्सप्रेस 2 घंटे, 11078 झेलम एक्सप्रेस 1:16 घंटे, 64531 सवारी गाड़ी 3:18 घंटे, 64454 सवारी गाड़ी 2:58 घंटे, 64464 सवारी गाड़ी 1:08 घंटे, 64452 सवारी गाड़ी 1:19 घंटे, 64536 सवारी गाड़ी 1:22 घंटे, 64533 सवारी गाड़ी 1:32 घंटे की देरी से सोनीपत स्टेशन पहुंची।

सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो में सोनीपत के खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

■ सृष्टि ने स्वर्ण, ईशान व भावेश ने रजत तथा पावनी और यानिश ने कांस्य जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

असंध स्थित मिनरवा पब्लिक स्कूल में 29 सितंबर से चार अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में इंडियन स्कूल जूडो अकादमी सोनीपत के सात खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सोनीपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच पदक जीते। सृष्टि ने अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक, ईशान और भावेश ने अंडर-19 वर्ग में रजत पदक तथा पावनी ने अंडर-14 और यानिश ने अंडर-11 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय में उनका फूलमालाओं और पदकों से स्वागत किया गया। प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के तीन खिलाड़ी सृष्टि, ईशान और भूमिका हरियाणा स्कूली राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी भाग लेंगे। उन्होंने जूडो प्रशिक्षक सतपाल गुलिया की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यालय स्टाफ ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह सांगवान भौर और सुरेन्द्र शास्त्री भी मौजूद रहे।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक।

खबर संक्षेप

नंबरदारों को सम्मान भत्ता नहीं मिलने पर रोष

सोनीपत। सोनीपत जिले के नंबरदारों को पिछले 10 माह से सम्मान भत्ता नहीं मिलने पर उनमें रोष है। एडवोकेट नंबरदार ब्रह्म सिंह दहिया ने कहा कि सरकार की ओर से नंबरदारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार नंबरदारी व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नंबरदार केवल सिंचाई विभाग में आबियाना जमा कराने का काम नहीं करते, बल्कि गांवों में कई अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी सहयोग करते हैं।

गांव बरोदा के रामधारी बने 1109 वें नेत्रदाता

गोहाना। गांव बरोदा निवासी रामधारी उर्फ धारा बाजवान (88) पुत्र जय लाल को क्षेत्र के 1109वें नेत्रदाता का दर्जा प्राप्त हुआ। ग्रामीण के मरणोपरांत उनका नेत्रदान समाजसेवी संस्था आहुति द्वारा करवाया गया। मृतक रामधारी बाजवान के नेत्रदान करवाने की सूचना आहुति को भतीजे सुरेंद्र बाजवान पुत्र बिरखा राम बाजवान ने फोन पर दी। आहुति ने श्राफ नेत्र इंस्टीच्यूट, नई दिल्ली के माध्यम से नेत्रदान करवाए। टीम में संयोजक सुरेंद्र विश्वास, सागर सेतिया और राजू कुमार चुघ जबकि श्राफ नेत्र इंस्टीच्यूट की टीम में तकनीशियन नरेन्द्र लोहमोर शामिल रहे।

महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

तन, मन, धन से सेवा भक्ति करने वाला धनवान व्यक्ति : आचार्य शिवकुमार





सोनीपत। महाराजा अग्रसेन भवन में श्रीमद्भागवत की आरती करते अतिथि व श्रद्धालु तथा भवन में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

श्रीराम ज्योतिष पीठ व दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में सेक्टर-14 में कार्यक्रम जारी

श्रीराम ज्योतिष पीठ व दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में सेक्टर-14 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को पांचवां दिन रहा। कथाव्यास आचार्य शिवकुमार अत्री ने ब्रजलीला, गोवर्धन पूजा, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग का वर्णन किया। सुबह यजमान के रूप में मुकेश सिंगला, वैभव सिंगला, अनु, सिमरन ने बेदी पूजन किया। कथा का शुभारंभ श्री चिंतपूर्णी माता मंदिर समिति व श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम सेवा मंडल के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन करके किया। आचार्य शिव कुमार अत्री ने बताया कि धनवान व्यक्ति वही है, जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य ने बताया कि जब पूतना बालकृष्ण को उठाकर स्तनपान कराने लगी, तो प्रभु ने उसका वध केवल कल्याण मात्र किया। सभी को गोमाता की सेवा, गायत्री मंत्र का जाप, गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा संभव है। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिरीराज जी की पूजा शुरू की, तो इंद्र देवता ने ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिरीराज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया।

यह रहे मौजूद

मौके पर टीकाराम मित्तल, प्रेस सचिव पंडित अमित शौनक, ओमप्रकाश, राजेंद्र कुच्छल, मनोज गर्ग, सुभाष चंद्र, देवेंद्र कुच्छल, महताब खत्री, महेंद्र मंगला, अमित कुच्छल, प्रदीप बंसल, ओडी गर्ग, पवन अग्रवाल मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में वामन अवतार का प्रसंग सुनाया



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

सोनीपत। शिव मंदिर (शिव वाटिका) नंदवानी नगर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन हिमाचल से पहुंचे कथा व्यास पंडित विनय शर्मा ने वामन अवतार और राजा बलि सहित कई प्रसंग सुनाए। मंदिर प्रधान सीताराम भारद्वाज ने बताया कि कथा के दौरान श्रद्धालुओं को जीवन, भक्ति और वैराग्य का संदेश दिया गया।

पंडित विनय शर्मा ने कहा कि मनुष्य को अहंकार का त्याग कर अपना सर्वस्व भगवान के चरणों में समर्पित करना चाहिए। मानव देह अनमोल है, इसलिए इसका उपयोग व्यर्थ के कार्यों में न करके जनकल्याण और ईश्वर भक्ति में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से पितरों को शांति और परिवार को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रद्धा से पितरों का पूजन और तर्पण करने का भी विशेष महत्व है। कथा के दौरान भगवान वामन के प्राकट्य की भव्य झांकी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने आरती कर पुष्प वर्षा की। मुरथल से पहुंचे श्रीश्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज का मंदिर प्रांगण में फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

मौके पर यह रहे मौजूद

मौके पर यजमान सहित पं. वीरेन्द्र उपाध्याय, अनिल चड्ढा, आनन्द, सुभाष हसीजा, अशोक रेहजा, मनोहर लाल छाबड़ा, लैहर नाथ भारद्वाज, शंकुतला देवी, कृष्णा शर्मा, दीक्षा भारद्वाज, बिन्दु उपाध्याय, ओम प्रकाश, अशोक भारद्वाज, सुनील ठक्कर, नन्द लाल, ज्ञान चन्द ठक्कर, सुभाष शर्मा, राजवन्ती, नीरू, बबली, सुनैना, भारती, आरती, नीलकण्ठ शर्मा, अमित भारद्वाज, दर्शन, करण सिंह, राजकुमार और पुनित शर्मा मौजूद रहे।

शिक्षकों को पढ़ने, लिखने और गणितीय कौशल विकसित करने की विधियां बताईं

■ शाहपुर तुर्क स्कूल में छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी साथ में प्रतिभागी शिक्षकगण।

खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर तुर्क में छह दिवसीय एफएलएन (आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ छह अक्टूबर को हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणितीय कौशल विकसित करने की प्रभावी शिक्षण विधियों से परिचित कराना है।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को कक्षा में प्रिंट-समृद्ध वातावरण तैयार करने, विद्यार्थियों की लेखन क्षमता में सुधार, भाषा एवं गणितीय कौशल के विकास तथा गतिविधि आधारित और बाल केंद्रित शिक्षण विधियों के प्रभावी प्रयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक संगीता, ईशा, परमजीत, मंजू, ममता, सुमन, वंदना और मनजीत शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। बीआरजी टीम के सदस्य मोनिका दहिया, सुनील सरोहा और अंजू बाला भी प्रशिक्षण में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य चांद किशोर ने प्रशिक्षकों और प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत किया।

विधायक पवन खरखौदा के जन्मदिन पर लगा जांच और रक्तदान शिविर

खरखौदा। विधायक पवन खरखौदा का जन्मदिन भाजपा कार्यालय खरखौदा में कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और विधायक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारत सिंह वाटिका में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जबकि 40 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जन्मदिन को सेवा कार्यों से जोड़कर मनाने का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा करना है। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना की।



खरखौदा। अपने जन्म दिवस पर केक काटते विधायक पवन खरखौदा।

वरिष्ठ नागरिक परिषद के स्वास्थ्य शिविर में 32 सदस्यों की जांच की

■ संस्था की ओर से माह के पहले बुधवार को लगाया जाता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। शिविर के दौरान मौजूद वरिष्ठ नागरिक।

वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत की ओर से सामुदायिक भवन, सेक्टर-14 में मासिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में 32 वरिष्ठ सदस्यों के रक्तचाप, शुगर स्तर और वजन की जांच की गई। संस्था की ओर से प्रत्येक माह के पहले बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर संस्था के प्रधान बलदेव राज आहूजा की अध्यक्षता और पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. डीबी रावल के मार्गदर्शन में हुआ। डॉ. एचबीडी अरोड़ा और डॉ. इन्दु कपूर ने सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक परामर्श दिया। संस्था के संयोजक हर भगवान रहेजा ने बताया कि परिषद का लक्ष्य अपने कम से कम 500 सदस्यों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। शिविर के आयोजन में ओ. पी. एलावाधी, राम नारायण अरोड़ा, राम किशन बत्रा, हर गोपाल कुकरेजा, रमेश कुकरेजा, आजाद सिंह, एस. के. मल्होत्रा, कांता जैन, महेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश, फूल सिंह त्यागी और ओम दत्त त्यागी का योगदान रहा।



गोहाना। में-दुर्गा भाभी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए नागरिक।

दुर्गा भाभी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

गोहाना। बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी दुर्गावती जो दुर्गा भाभी के नाम से प्रसिद्ध थी को उनकी जयंती पर याद किया गया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में उनका श्रद्धांजलि समारोह शहर में महम मार्ग स्थित गांधीनगर की रविदास चौपाल में आयोजित हुआ। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह ढांगी का रहा। मुख्य वक्ता मोर्चे के सदस्य सतवीर पौडिया ने कहा दुर्गा भाभी ने मात्र 11 वर्ष की आयु में देश प्रेम का व्रत लिया था। वह नौजवान भारत सभा की सक्रिय सदस्य थी जो अपनी राष्ट्र भक्ति के कारण महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र प्रेम की प्रतीक बनी। वह भगत सिंह राजगुरु और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियो की पीठ बनकर खड़ी रही। उन्होंने ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन पी सांडर्स की हत्या के बाद भगत सिंह को लाहौर से भगाने में मदद की थी। जयंती समारोह की अध्यक्षता वेदपाल बीरवाल ने की। उन्होंने कहा दुर्गा भाभी का जीवन आज की यूतियों के लिए राष्ट्र प्रथम का संदेश है। इस मौके पर पूर्णमल चहल, नारायण सिंहमार, महावीर राठी, धर्मपाल गिरोह, सरोजनी देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, आशा देवी, कविता देवी, नेहा, रेखा व भव्या मौजूद रहे।

खरखौदा से कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में पहुंचेंगे : सुनील दहिया

खरखौदा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुनील दहिया व शहरी अध्यक्ष प्रवीण सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सुनील दहिया ने बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में 8 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी का मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व एस आई आर के खिलाफ जिला मुख्यालय सोनीपत पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें खरखौदा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के जनादेश नही अपितु वोट चोरी कर सरकार बना रही है। जिस सरकार से देश का हर वर्ग परेशान हो फिर भी वह सत्ता में आ रही है तो इससे यह साबित होता है कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिली भगत से ही सरकार बना रही है। अब समय आ गया है इन दोनों को उखाड़ फेंकने का। पूर्व विधायक पद्म सिंह दहिया ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा 6 अक्टूबर को किया गया था, जो शांतिपूर्ण था। भाजपा ने लोकतंत्र को खत्म करने की नीति अपनाते हुए जिस प्रकार से विपक्ष के नेता राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं पर ज्यादती की, वह बेहद निंदनीय है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि जोगिंद्र दहिया, जिला महासचिव सिकंदर दहिया, जिला एसी सैल की महिला अध्यक्ष सुषमा पार्षद आदि मौजूद रहे।



खरखौदा। कार्यकताओं को संबोधित करते कांग्रेस नेता।

सीपीआईएम का सीईसी को बर्खास्त करने को लेकर जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी हरियाणा के आह्वान पर सोनीपत के शहीद भगत सिंह भवन में विचार गोष्ठी और बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की जिला कमेटी ने 13 करोड़ मतदाताओं के वोट का अधिकार बहाल करने की मांग भी उठाई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर लोगों में चिंता है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए। पार्टी ने बताया कि 8 सितंबर को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस, सीपीआई और सीपीआईएम समेत अन्य राजनीतिक पार्टियों के साथ शाम चार बजे सेक्टर-14 स्थित गांधी चौक पर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन गांधी चौक से अंबेडकर पार्क तक प्रस्तावित है। पार्टी ने लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है। मौकेपर कृष्ण कुमार मलिक इंजीनियर, इंदर सिंह खासल, श्रद्धानंद सोलंकी, रामनिवास राणा, रणबीर मलिक, रामेंहर शर्मा, सिल्क राम मलिक, बलजीत मोर, सुखबीर सरोहा, रामफल मोर, नरेंद्र वर्मा, नरेश मलिक, एडवोकेट कपिल बालियां, धर्मेंद्र, लक्ष्मण दरोगा और पंडित जगमोहन मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन साथ में अधिकारी एवं आंगनवाड़ी कर्मी।

आंगन मिलन कार्यक्रम में पहुंचीं कविता जैन

सोनीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत मोहाना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कविता जैन ने रिबन काटकर शुभारंभ किया और केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीण महिलाओं से संवाद कर महिलाओं, बेटियों व बच्चों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। कविता जैन ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में ग्रामीणों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म पर कुआं पूजन जैसी परंपराएं बेटियों के सम्मान और समान अधिकार का संदेश देती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में गोद भराई भी हुई। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया गया। कविता जैन ने महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य के लिए उपलब्ध सरकारी सहायता की जानकारी ली और योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र की पीओ परवीन, एसडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हेल्पर और मोहाना के सरपंच नरेंद्र महला मौजूद रहे। बाद में नरेंद्र महला के निवास पर चाय पर चर्चा हुई।

राहुल की गिरफ्तारी को धर्मपाल सिंह मलिक ने बताया निंदनीय

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध मार्च आज

विरोध मार्च गांधी चौक से अंबेडकर चौक तक जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद कांग्रेस नेतागण। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी धर्मपाल सिंह मलिक ने कहा कि लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी की गिरफ्तारी को निंदनीय और अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के बजाय उठाए गए सवालों का जवाब संवैधानिक तरीके से दिया जाना चाहिए। वे बुधवार को अपने निवास पर पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और एसआईआर की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठा रही है। इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग भी की। धर्मपाल सिंह मलिक ने बताया कि 8 अक्टूबर को कांग्रेस की ओर से 'वोट चोरी' के खिलाफ विरोध मार्च निकाला जाएगा। मार्च गांधी चौक से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक पहुंचेगा। इसका नेतृत्व कुमारी सैलजा करेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिकों से शामिल होने की अपील की।

यह रहे मौजूद

इस दौरान सुधा मलिक, प्रेम नारायण गुप्ता, अशोक सरोहा, सुनील कटारिया, नीलकंठ मुखीजा, सौरभ सचदेवा, अनुज छाबड़ा, उमेश कौशिक नंबरदार, सतपाल कौशिक, जसबीर छिक्कारा, हरिओम सरोहा, सरदार हरभजन सिंह, राकेश मदान, रामपाल कौशिक, सरदार इंदरपाल और अनिल रेलन मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। अनाज मंडी का निरीक्षण करते एसडीएम अमित कुमार।

एसडीएम खरखौदा अमित भारद्वाज ने बुधवार को खरखौदा अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद प्रक्रिया तथा मंडी में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में फसल की आवक, खरीद एवं उठान की स्थिति तथा किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बिक्री के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंडी में खरीद एवं उठान का कार्य सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने मंडी परिसर में सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल की बिक्री के लिए बेहतर एवं सुचारू व्यवस्था उपलब्ध करवाना है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव सिकंदर सांगवान सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला मौलिक शिक्षा विभाग ने प्रत्येक ब्लॉक से मांगी दो-दो स्कूलों की सूची, निरीक्षण के आधार पर होगा चयन

प्रारंभिक बाल शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की कवायद

पांच लाख से बनेगी जिलास्तरीय आधुनिक मॉडल बालवाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

1 रोहतक की तर्ज पर होगा जिलास्तरीय मॉडल बाल वाटिका का निर्माण, एडीसी की अध्यक्षता में बनी स्कूल निरीक्षण कमेटी

2 फिलहाल जिले के सभी सात ब्लॉक में दो-दो मॉडल बाल वाटिका का किया जा रहा संचालन, अब जिलास्तर पर बनाने की योजना

3 जिले के किसी पीएमश्री या मॉडल संस्कृति विद्यालय के पास स्थापित होगी जिलास्तरीय बालवाटिका, मुख्यालय से बजट स्वीकृत

राजकीय विद्यालयों में प्रारंभिक बाल शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सभी खंडों के बाद हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने अब जिलास्तरीय मॉडल बालवाटिका स्थापित करने का निर्णय लिया है। जिला मौलिक शिक्षा विभाग को सोनीपत में मॉडल बालवाटिका बनाने के लिए मुख्यालय से 5 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। विभाग ने जिलास्तरीय वाटिका की स्थापना के लिए प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो स्कूलों की सूची मांगी है, ताकि निरीक्षण के आधार पर उचित सुविधाओं का मूल्यांकन किया जा सके। करीब 14 में से 6 स्कूलों का निरीक्षण कर टीम ने अब तक सोनीपत ब्लॉक के कालूपुर चुंगी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को चिह्नित किया है। शिक्षा विभाग की ओर से फिलहाल जिले के सभी सात ब्लॉक में दो-दो मॉडल बाल वाटिका का संचालन किया जा रहा है। निदेशालय ने अब रोहतक की तर्ज पर सोनीपत में जिलास्तरीय आधुनिक मॉडल बाल वाटिका की स्थापना का निर्णय लिया है। चयनित स्कूलों के निरीक्षण के लिए खासकर एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी का चयन किया गया है। विद्यालयों में संचालित परंपरागत बाल वाटिकाओं के विपरीत यह विशेष मॉडल शिक्षण केंद्र 3 से 6 वर्ष के बच्चों को समग्र शिक्षा अनुभव प्रदान करेगा। इनमें उचित आधारभूत संरचना जैसे नामित कक्ष, फर्नीचर, झूले, अक्षर कार्ड, सैंड पेपर कार्ड, मिट्टी, आकार पहचान के लिए ब्राउन सीढ़ियां, रोल-प्ले के लिए मास्क आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना अनुसार जिलास्तरीय बालवाटिका किसी पीएमश्री या राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के पास स्थापित की जाएगी।

विशेष सामग्री से बच्चों के अनुभव को बनाएंगे रोचक

बता दें कि योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और सामाजिक कौशल को विकसित करना है। यह प्रयास स्टोरीलिंग, खेल और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से किया जाएगा। केंद्र सरकार की इस पहल का उद्देश्य बच्चों को एक समृद्ध पूर्व प्राथमिक शिक्षा अनुभव प्रदान करना है। योजना के तहत विभिन्न शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चों के अनुभव को और अधिक रोचक बनाया जाएगा। बालवाटिका में वाइटबोर्ड, डिस्पले बोर्ड, साबुन, तौलिया, सेनिटाइजर, फर्स्ट एड बॉक्स, डस्टबिन, क्ले सेट, शिक्षक के लिए मेज, कुर्सी, जूते रखने के लिए रैक सहित बच्चों के खेलने व पढ़ने की विशेष सामग्री उपलब्ध रहेगी।

अधिकारी सुनिश्चित करेंगे माहौल, सुविधा व सुरक्षा

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने शिक्षा अधिकारियों को जिलास्तरीय मॉडल बाल वाटिका की स्थापना से पहले प्रस्तावित स्कूलों का सत्यापन व निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं। बालवाटिका में छात्र नामांकन से लेकर बच्चों के लिए होने वाली विशेष सुविधाओं के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित करनी होगी। बच्चों के लिए सुरक्षित सीखने की जगह सुनिश्चित करने के लिए स्कूल के माहौल की समग्र सुरक्षा का मूल्यांकन करना होगा। साथ ही शैक्षिक और विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्पित क्षेत्र उचित रूप से सुसज्जित होना चाहिए। अधिकारी बालवाटिका परिसर, खेल मैदान का गहन मूल्यांकन कर बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान को चिह्नित करेंगे।

कमेटी जिले के सूचीबद्ध स्कूलों का निरीक्षण कर रही



हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार सोनीपत में जिलास्तरीय मॉडल बालवाटिका की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। चयनित कमेटी जिले के सूचीबद्ध स्कूलों का निरीक्षण कर रही है। बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधानुसार चयनित स्कूल में ही जिलास्तरीय बालवाटिका का निर्माण करवाया जाएगा।

-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में रक्तदान शिविर, युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया 85 यूनिट रक्तदान

रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों में दिखा उत्साह, दिया मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मानव सेवा एवं सामाजिक सरोकार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 85 यूनिट रक्तदान किया। छात्र-छात्राओं में रक्तदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने एनएसएस इकाइयों के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। शिविर में पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रेडक्रॉस सोनीपत धर्मवीर दहिया तथा महावीर पहल, डायरेक्टर, सोनीपत ब्लड सेंटर की टीम ने रक्त संकलन का कार्य किया।

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर कटार नैन, संस्था के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप तथा रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। बीटेक, वैमानिकी, पॉलिटेक्निक, मैनेजमेंट, फार्मेसी, लॉ, आईटीआई सहित विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया।

जगुआर हाउस ने लैपर्ड हाउस को हराकर गीता बैडमिंटन का खिताब



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस बैडमिंटन चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। फाइनल में जगुआर हाउस की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद लैपर्ड हाउस को 2-1 से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। जगुआर हाउस के खिलाड़ी देवांश और शुभम ने शानदार तालमेल और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए टीम को विजेता बनाया। चैंपियनशिप का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर ध्रुव जैन एवं प्राचार्या गीता चोपड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। चैंपियनशिप के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यापिकाएं नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत व बैडमिंटन कोच निशांत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस बैडमिंटन चैंपियनशिप की विजेता जगुआर हाउस एवं उपविजेता लैपर्ड हाउस के खिलाड़ी प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ।

लंबित वेतन पर एनएचएम कर्मचारियों ने जताया रोष, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारी बोलें, जल्द वेतन नहीं मिला, तो 23 अक्तूबर को पंचकूला स्थित महानिदेशक कार्यालय का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत के नागरिक अस्पताल स्थित कार्यालय में सीएमओ डॉ. अलंकृता को ज्ञापन देते एनएचएम कर्मी।

नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों ने समय पर वेतन नहीं मिलने को लेकर बुधवार को नागरिक अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में एकत्रित होकर रोष जताया। इसके बाद जिला सिविल सर्जन (सीएमओ) डॉ. अलंकृता को एनएचएम निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने चेताया कि यदि उनका जल्द ही वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी 23 अक्तूबर को पंचकूला स्थित महानिदेशक कार्यालय का घेराव करेंगे।

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमित कुमार ने बताया कि विभाग में एसएनए पोर्टल लागू होने के बाद से कर्मचारियों को वेतन भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब डेढ़ वर्ष से कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कई कर्मियों को दो से छह महीने तक वेतन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेतन में लगातार देरी के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अधिकारियों के समक्ष समस्या उठाने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

फसल अवशेष प्रबंधन पर प्रति एकड़ मिलेंगे ₹ 1200



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत शहर में सोनीपत मार्ग स्थित उपमंडल कृषि कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से डॉ. तपेस जो सीएक्यूएम (एनसीआर) फ्लाइंग स्कवॉड में हैं पहुंचे। बैठक में अधिकारियों द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन (पराली) बारे जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप कृषि निदेशक डॉ. बलवंत सहारण ने की। इस दौरान उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा, खंड कृषि अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ. संजीत मलिक, तकनीकी सहायक विपिन सैनी और कृषि विकास अधिकारी (एफआई) अजय ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. बलवंत सहारण ने कहा कि जो भी किसान फसल अवशेष प्रबंधन करता है राज्य सरकार द्वारा उसे प्रति एकड़ 12 सौ रुपये दिए जाएंगे। जो किसान फसल अवशेष प्रबंधन नहीं करेगा उसे यह राशि नहीं मिलेगी और उस पर जुर्माने के साथ एफआईआर दर्ज होगी और रेड इंट्री की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने अधिवक्ताओं से किया संवाद, मांगे सुझाव



गोहाना। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए अधिवक्ता। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना में अधिवक्ताओं, किसानों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच पहुंचकर सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हैं और किसी भी समस्या या जरूरत के समय उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की मजबूत कड़ी होने के साथ सामाजिक विषयों पर भी प्रभावी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके सुझाव लिए और कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग की भागीदारी से व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है।



स्वामी दयानंद ने सोई जनता को जगाने का काम किया

सोनीपत। स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक और आर्य समाज के सदस्य जयतीर्थ दहिया ने कहा कि स्वामी दयानंद ने सोई जनता को जगाने का काम किया। उस समय जनता में छुआछूत, ऊंच-नीच, महिलाओं का शोषण, उन्हें शिक्षा से दूर रखना, बहु विवाह, विधवाओं के पुनर्विवाह न होने देना, मूर्ति पूजा आदि अनेक सामाजिक बुराइयां थी तब स्वामी दयानंद ने अपनी विद्वता से इन बुराइयों को दूर करने का काम किया। इसके लिए देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि आर्य समाज हमें सत्य और न्याय के मार्ग चलने तथा एक ईश्वर को मानने के लिए वेदों की ओर लौटने का संदेश देता है। महायज्ञ के ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि अग्नि देव सभी की तरक्की करने वाला है। इसलिए वेद में ईश्वर से सभी के घरों में अग्नि जलती रहने की प्रार्थना की गई है। उन्होंने कहा कि सभी जीवों को जीवन जीने के लिए अग्नि की आवश्यकता है इसलिए किसी के भी जीवन में अंधकार न होने की प्रार्थना की जाती है। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान धर्मप्रकाश, मंत्री कपिल देव, प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, इन्द्र सिंह, सुभाषचंद्र, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, सतेन्द्र, दिलावर आदि भी मौजूद रहे।

सितंबर में 28 गुम मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए

- सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी निगरानी से करीब सात लाख रुपये कीमत के फोन किए ट्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। मालिकों को उनके मोबाइल लौटाते हुए पुलिस कर्मी। **फोटो : हरिभूमि**

सोनीपत पुलिस की साइबर सेल ने सितंबर माह में अलग-अलग स्थानों से गुम हुए 28 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये है। साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल सिंह और उनकी टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल विश्लेषण और आधुनिक संसाधनों की मदद से मोबाइल फोन को ट्रेस किया। मोबाइल हस्तांतरण कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक जोगिंदर सिंह ने बरामद फोन उनके मालिकों को सौंपे। फोन वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। जोगिंदर सिंह ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायतें सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज की गई थीं। शिकायत के बाद मोबाइल के पहचान नंबर की तकनीकी निगरानी कर उन्हें ट्रेस किया गया। सीईआईआर पर शिकायत दर्ज कराने से गुम मोबाइल को अवरुद्ध करने के साथ उसकी बरामदगी में भी मदद मिलती है। पुलिस ने लोगों से मोबाइल गुम होने पर तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने और नजदीकी थाने या साइबर सेल से संपर्क करने की अपील की है।



बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में गड्ढे भरने का काम शुरू

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़ी सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढों से परेशान वाहन चालकों को अब राहत के लिए संबंधित विभाग की ओर से सड़क पर बने गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया गया है। काम शुरू होने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन करने वाले उद्योगपतियों, कर्मचारियों और वाहन चालकों ने राहत मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर लंबे समय से गड्ढे बने हुए थे। सड़क की जर्जर हालत के कारण रोजाना यहां से गुजरने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और खराब हो जाती थी, जिससे वाहन चालकों को सड़क पर गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता था। सड़क की समस्या को लेकर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों की ओर से संबंधित विभाग के समक्ष लगातार शिकायतें और समस्या के समाधान की मांग की जा रही थी। इसके बाद अब विभाग ने गड्ढों को भरने का काम शुरू किया है। लोगो ने सड़क की पूरी तरह से स्थायी मरम्मत और आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

व्यावसायिक विकास और करियर संबंधी दी जानकारी



खरखौदा। मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए प्राचार्या।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा में सेवा संकल्प अभियान के तहत करियर काउंसलिंग व्याख्यान और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और कार्यक्रम प्रभारी मधु लता के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के पहले चरण में मुख्य वक्ता विनोद मलिक ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के माध्यम से व्यावसायिक विकास और करियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सही दिशा में निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद बंटी एवं उनकी टीम ने 'नमो सेवाः अनकही कहानियां' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और जीवंत संवादों के माध्यम से जनसेवा तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियों को प्रस्तुत किया।

साइबर ठगों ने तीन लोगों के खातों से 5.72 लाख रुपये उड़ाए

- मोबाइल में संदिग्ध गतिविधि, अपार्टमेंट बुकिंग रद्द कराने और एप के दुरुपयोग के जरिए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर तीन लोगों के बैंक खातों से 5.72 लाख रुपये निकाल लिए। ठगी का शिकार हुए लोगों में गांव बढ़मलिक निवासी उमेश कुमार, सोनीपत निवासी पूजा और गोहाना निवासी हरीश शामिल हैं। तीनों की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना सोनीपत ने अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव बढ़मलिक निवासी उमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि चार अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उनका मोबाइल अचानक वाइब्रेट होने लगा और स्क्रीन की रोशनी अपने आप झपकने लगी। उन्हें न तो कोई ओटीपी मिला और न ही रकम निकलने का संदेश आया। बाद में बैंक खातों की जांच करने पर उनके खाते से 8,022 रुपये और उनकी बहन के खाते से 1,07,697 रुपये निकले मिले। कुल 1,15,719 रुपये की अनधिकृत निकासी हुई।

दूसरे मामले में सोनीपत निवासी पूजा के पास एक अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने अपार्टमेंट बुक होने की बात कही। खाते से चार अक्टूबर को अलग-अलग लेनदेन में 4,32,269 रुपये निकल गए।

गोहाना निवासी हरीश ने बताया कि दो अक्टूबर को उनके क्रेडिट कार्ड से 'चेक-वन' एप के माध्यम से 25,777 रुपये बचत खाते में स्थानांतरित किए गए। उनकी अनुमति के बिना खाते से 51,753 और 72,457 रुपये दो अलग-अलग खातों में भेज दिए गए।

18 साल से रास्ते की मांग, पत्रों में ही उलझा मामला, अस्थायी अंडरपास में लिखा, पानी निकासी का है रास्ता

राजलूगढ़ी में आजादी के बाद से नहीं है रेलवे लाइन क्रॉसिंग के लिए अंडरपास का रिकॉर्ड में स्थायी रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। अंडरपास में लिखा, पानी निकासी का है रास्ता, राजलू गढ़ी के पास। **फोटो : हरिभूमि**

सोनीपत व गन्नौर मार्ग से राजलू गढ़ी गांव तक सुगम आवागमन के लिए रास्ते और रेलवे क्रॉसिंग का आजादी के बाद से आवागमन के लिए रिकॉर्ड में कोई भी रास्ता नहीं है। जिस कारण मजबूरी में लोग पानी निकासी के लिए बनाए गए अंडर पास से निकलने को मजबूर है, वही किसानों को शुगर मिल में जाने के लिए गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली को गन्नौर से लेकर घूमकर आना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तो रेलवे विभाग द्वारा गांव के पास बने अंडरपासों में स्पष्ट शब्दों में लिख भी दिया है कि यह स्थाई रूप से आवागमन का रास्ता नहीं यह केवल पानी निकालने का रास्ता है । गांव के ही जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य त्रिलोकचंद शर्मा ने बताया कि हैरानी की बात तो यह है की स्थाई रूप से गांव में आने-जाने का रास्ता बनवाने की मांग करीब 18 साल से सरकारी पत्रों में घूम रही है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार ग्रामीणों ने सबसे पहले 4 अक्टूबर 2007 को उत्तर रेलवे, नई दिल्ली के चेयरमैन को पत्र भेजकर रेलवे हॉल्ट, रेलवे फाटक और रास्ते की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई थी। रेलवे लाइन दोहरी होने के बाद फाटक के लिए पहले 40 हजार और बाद में करीब आठ लाख रुपये जमा कराने की बात सामने आई, लेकिन राशि जमा नहीं होने से मामला आगे नहीं बढ़ सका। उसके बाद करीब 18 साल बाद 6 अक्टूबर 2025 के समाधान शिविर में फिर यह शिकायत पहुंची। इसके बाद 29 अक्टूबर 2025 के पत्र क्रमांक 2873 के माध्यम से मामले में कार्रवाई आगे बढ़ी। पंचायती राज विभाग की टीम ने 21 नवंबर 2025 को मौके का निरीक्षण किया। मौका रिपोर्ट में सामने आया कि पीडब्ल्यूडी रोड से राजलू गांव की ओर जाने वाले रास्ते में रेलवे क्रॉसिंग के कारण बड़े वाहनों का आवागमन नही है। निरीक्षण के बाद मामला रेलवे विभाग और लोक निर्माण विभाग से संबंधित बताया गया। इसके बाद 1 मई 2026 के पत्र क्रमांक 372 के माध्यम से कार्यकारी अभियंता पंचायती राज ने उपायुक्त सोनीपत को मौका निरीक्षण रिपोर्ट भेजकर आगामी आवश्यक कार्रवाई के लिए मामला भेजा।

स्थायी रूप से अंडरपास का रास्ता मिले तो उनके लिए वही आजादी : ग्रामीण

जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य त्रिलोकचंद ने कहा कि 2007 से मांग, 2025 में समाधान शिविर, मौके का निरीक्षण और 2026 में उपायुक्त तक मामला पहुंचने के बावजूद ग्रामीणों को स्थायी समाधान का इंतजार है। आखिर 18 साल बाद भी राजलू गढ़ी के रास्ते और रेलवे क्रॉसिंग की समस्या का समाधान क्यों नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मांग की है कि ग्रामीणों के लिए असली आजादी तो तब है जब उन्हें स्थाई रूप से रेलवे लाइन क्रॉस करने का अंडर पास का रास्ता मिले।

2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी: डॉ. शर्मा

सेवा ज्योति यात्रा से विकसित भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

पर्यटन मंत्री ने चार क्षेत्रों के लिए यात्राओं को दिखाई हरी झंडी





■ कार्यक्रम में विधायक पवन का जन्मदिन केक काटकर मनाया

सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद मंत्री अरविंद शर्मा, विधायक कृष्णा गहलावत, निखिल मदान, मेयर राजीव जैन साथ में अन्य तथा गोहाना में यात्रा में पार्षदों व अधिकारियों के साथ चेयरपर्सन रजनी विरमानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सेवा ज्योति यात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन संबोधन किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, किसान हित और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। विधायक पवन खरखौदा, कृष्णा गहलावत और निखिल मदान ने भी विकसित भारत के लक्ष्य के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। यात्राएं खरखौदा, राई, कुंडली, गन्नौर और गोहाना के लिए रवाना हुईं। कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन, पूर्व मंत्री कविता जैन, डॉ. रीटा शर्मा, मीना चौहान, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, प्रदीप सांगवान, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, जिला महामंत्री तरूण देवीदास, पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा व जसबीर दोदवा, नीरज आत्रेय, दिनेश अत्री आदि मौजूद रहे।

जनकल्याण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

गोहाना। नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा ज्योति कलश यात्रा में सहभागिता की। वे गोहाना से सोनीपत पहुंचीं और यात्रा में शामिल हुईं। रजनी विरमानी ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा सेवा भावना, सामाजिक एकजुटता और जनकल्याण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देती है। समाजहित के ऐसे अभियानों में सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा ही संकल्प और सेवा ही संस्कार है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को जनकल्याण एवं राष्ट्रहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर परिषद के पार्षदगण एवं अधिकारीगण भी यात्रा में शामिल रहे।



सोनीपत। यात्रा में हिस्सा लेने पहुंचीं टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्राएं।

सेवा ज्योति कलश यात्रा में 23 स्वयंसेविकाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

टीका राम कन्या महाविद्यालय, सोनीपत में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेविकाओं ने 'सेवा ज्योति कलश यात्रा-विकसित भारत का संकल्प' में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा पुलिस लाइन, सोनीपत से शुरू होकर निर्धारित प्रमुख स्थानों से होते हुए संपन्न हुई। महाविद्यालय की 23 स्वयंसेविकाओं ने अनुशासन और उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. उषा दहिया ने स्वयंसेविकाओं को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सेवा के कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिव्या श्री और डॉ. आशा रानी ने भी स्वयंसेविकाओं को सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण किया गया। स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रप्रेम, सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और विकसित भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

■ पुलिस लाइन से शुरू हुई यात्रा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सेवा में युवाओं की भागीदारी का दिया संदेश



अंबेडकर चौक पर सेवा संकल्प ज्योति यात्रा का समापन

गोहाना। सेवा संकल्प ज्योति यात्रा का गोहाना के अंबेडकर चौक में समापन किया गया। यात्रा के दौरान आमजन तक सेवा, विकास और जनकल्याण से जुड़े संदेश को पहुंचाया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने यात्रा के समापन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यात्रा के सफल आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प ज्योति यात्रा के माध्यम से लोगों को भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। बिजेंद्र मलिक ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना तथा आमजन को सरकार की नीतियों एवं कार्यों से अवगत करवाना रहा। कार्यक्रम में भाजपा रमेश कश्यप व जस्सी खुराना सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विधायक की अगुवाई में निकाली सेवा ज्योति यात्रा

खरखौदा। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को विधायक पवन खरखौदा की अगुवाई में खरखौदा से सोनीपत तक सेवा ज्योति यात्रा के रूप में बाइक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य सेवा, संकल्प और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। बाइक रैली एसडीएम कार्यालय खरखौदा से शुरू हुई। इसके बाद यात्रा झरोठ, झरोठी टोल, रोहट, बैंयापुर, लहराड़ा, कालूपुर चुंगी, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली और सेक्टर-23 होते हुए सोनीपत की पुलिस लाइन पार्किंग में पहुंची। रास्ते में कार्यकर्ताओं ने सेवा और विकास का संदेश दिया। रैली के दौरान विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि सेवा केवल किसी अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ सरकार और कार्यकर्ता लगातार जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।

मार्केट न्यूज

सेक्टर-14 में 11 अक्टूबर को खुलेगा 'आर्या क्रॉकरी एंड किचन किंग'

सोनीपत। रसोई से जुड़े आधुनिक और आकर्षक उत्पादों की खरीदारी करने वाले शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। सेक्टर-14 स्थित गांधी चौक पर 'आर्या क्रॉकरी एंड किचन किंग' प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ 11 अक्टूबर को होगा। उद्घाटन समारोह में सुबह 10 बजे रिबन काटने की रस्म आयोजित की जाएगी। प्रतिष्ठान की शुरुआत 'रसोई की सुंदरता को नया रूप देने' के उद्देश्य के साथ की जा रही है। संचालकों के अनुसार नए प्रतिष्ठान में ग्राहकों को किचन के उपयोगी उत्पादों के साथ क्रॉकरी की विभिन्न श्रेणियों में आधुनिक और आकर्षक विकल्प उपलब्ध होंगे। रोजमर्रा के उपयोग से लेकर रसोई की साज-सज्जा और विशेष अवसरों के लिए जरूरी उत्पादों की विस्तृत रेंज एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। ग्राहकों को उनकी जरूरत और पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के किचनवेयर और क्रॉकरी उत्पाद चुनने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठान के शुभारंभ को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। आयोजकों ने सेक्टर-14 और आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों तथा शहर के नागरिकों को उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों के सहयोग और विश्वास के साथ प्रतिष्ठान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। 'आर्या क्रॉकरी एंड किचन किंग' का शुभारंभ 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गांधी चौक, सेक्टर-14, सोनीपत में होगा।

कागज की कीमतों में 30 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में नौ को कुंडली में जुटेगा कॉरुगेशन उद्योग

सोनीपत। कागज की कीमतों में पिछले दो महीनों में हुई करीब 30 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में हरियाणा कॉरुगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से 9 अक्टूबर को कुंडली स्थित किआ ऑडिटोरियम में उद्योग सम्मेलन एवं विरोध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शाम चार बजे से होने वाले कार्यक्रम में उत्तर भारत की विभिन्न कॉरुगेशन संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। एसोसिएशन के अनुसार उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और दिल्ली की प्रमुख क्षेत्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधि कार्यक्रम में भाग लेंगे। एफसीबीएम इंडिया के अध्यक्ष राजेंद्र भाटी भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में कागज की बढ़ती कीमतों के साथ ऊर्जा, रसायन, गोंद, स्याही, परिवहन और अन्य कच्चे माल की बढ़ी लागत पर चर्चा होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष सन्नी जैन ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मशीनरी, संयंत्र और तकनीकी उन्नयन पर निवेश बढ़ा है। ऐसे में कागज की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि से उद्योग की कार्यशील पूंजी और लाभप्रदता प्रभावित हो रही है।

यश राणा ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

गुरुग्राम में आयोजित हरियाणा स्टेट बैंडी (आइस हॉकी) चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के होनहार खिलाड़ी यश राणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय पहुंचने पर यश राणा का विद्यालय प्रबंधन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं प्रताप स्कूल के स्पोर्ट्स डायरेक्टर ओम प्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा स्केटिंग कोच सुमनलता ने यश राणा का स्वागत करते हुए उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ गुरुग्राम में हरियाणा स्टेट बैंडी चैंपियनशिप का आयोजन



नवरात्रि में श्री सुंदरकांड पाठ और यज्ञ का आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

स्पेशल नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सुंदरकांड यज्ञ समिति, गन्नौर की ओर से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नंबर-9, गन्नौर शहर, जैन मंदिर के निकट रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक किया गया है। समिति के प्रधान सतीश कुमार ने बताया कि श्री राम दरबार के सानिध्य में श्री सुंदरकांड के पाठ एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आयोजन के दौरान श्रद्धालु श्री सुंदरकांड का पाठ, यज्ञ एवं भगवान श्री राम की आराधना में शामिल होकर धार्मिक वातावरण का लाभ उठा सकेंगे। नवरात्रि के पावन दिनों में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर आयोजकों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। समिति प्रधान सतीश ने कहा कि भगवान श्री राम के प्रति आस्था और भक्ति से जुड़ने का यह अवसर सभी श्रद्धालुओं के लिए विशेष है।वे श्री सुंदरकांड यज्ञ समिति के प्रधान सतीश कुमार पिछले 34 वर्षों से निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। सतीश कुमार ने श्री सुंदरकांड के पाठ एवं यज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

■ राम दरबार के सानिध्य में श्री सुंदरकांड के पाठ एवं यज्ञ का आयोजन



श्री सुंदरकांड यज्ञ समिति के प्रधान सतीश कुमार।



कन्या महाविद्यालय में मिस खुशबू के सिर सजा मिस फ्रेशर का ताज

खरखौदा। सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या कालेज, के वाणिज्य विभाग द्वारा नवागंतुक छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी–2026 का आयोजन 7 अक्टूबर को सेमिनार हॉल -2 में किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कालेज में नवप्रवेशित छात्राओं का आत्मीय स्वागत करना तथा उन्हें महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम में बी कॉम और एम कॉम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया । इस अवसर पर नवागंतुक छात्राओं का स्वागत करते विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर प्रमिला ने कहा कि कॉलेज जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मिस फ्रेशर्स -खुशबू , मिस इंटेलिजेंट -तनु , मिस ब्यूटीफुल -चंचल, मिस चार्मिंग -स्वाति, मिस ड्रेसअप - सोफी तथा मिस टैलेंट की उपाधि नेहा को मिली।

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में प्रशस्त पोर्टल पर विशेष प्रशिक्षण सत्र

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में सीबीएसई के प्रशस्त पोर्टल के माध्यम से समावेशी शिक्षा एवं विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की पहचान, सहयोग और शैक्षिक जरूरतों को समझने के लिए शिक्षकों का जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र का संचालन बाल मनोविश्लेषक तन्नू हांडा ने किया। सत्र के दौरान शिक्षकों को प्रशस्त पोर्टल की उपयोगिता, समावेशी विद्यार्थियों की पहचान, उनके प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार तथा उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप उचित सहयोग प्रदान करने की जानकारी दी गई। पोर्टल की कार्यप्रणाली का शिक्षकों के समक्ष व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, ताकि वे इसकी प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकें। सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में समावेशी एवं समान अवसर आधारित शिक्षण वातावरण को मजबूत करना रहा।



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कार्यक्रम के दौरान जानकारी देती वक्ता एवं उपस्थित शिक्षक।



गोहाना। पदक विजेता खिलाड़ी जीते गए पदकों के साथ प्रसन्नचित मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

मुक्केबाजी और कुश्ती में 13 पदक जीतकर दिखाया दम

गोहाना। मुक्केबाजी व कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गीता विद्या मंदिर, गोहाना के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण सहित कुल 13 पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बुधवार को विद्यालय में प्राचार्य अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। जयपुर में 37वीं राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में जयंत कौशिक, तविश और मांशु ने स्वर्ण पदक तथा शिवम, लक्ष्य और मयंक ने रजत पदक हासिल किए। उधर मध्य प्रदेश के बनखेड़ी में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु वर्ग में 57 किलोग्राम भारवर्ग में हर्ष ने स्वर्ण पदक जीत लिया। अंडर-17 आयु वर्ग में 55 किलोग्राम वर्ग में बादल ने रजत, जबकि अर्जुन, अरुण एवं दिशांत ने कांस्य पदक प्राप्त किए। इसके साथ ही अंडर-14 आयु वर्ग में वंश एवं विहान ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हर्ष, जयंत कौशिक, मांशु व तविश का चयन एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया।

कम्प्यूटेशनल ज्ञान शोध को देगा नई दिशा : प्रो. विजय

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि में गणित विभाग एवं डिजाइन टेक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मैटलैब विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं एवं शोधार्थियों को मैटलैब सॉफ्टवेयर की उपयोगिता, कार्यप्रणाली तथा गणितीय एवं वैज्ञानिक समस्याओं के समाधान में इसके व्यावहारिक प्रयोग से परिचित कराना है। प्रो. विजय नेहरा, डीन, अकादमिक अफेयर्स ने कहा कि वर्तमान समय में गणितीय एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में कम्प्यूटेशनल तकनीकों का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। आधुनिक तकनीकों का ज्ञान छात्राओं को जटिल समस्याओं के समाधान में सक्षम बनाने के साथ-साथ उनके शैक्षणिक एवं शोध कौशल को भी मजबूत करता है। प्रो. प्रियंका, डीन, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी; प्रो. भूपिंदर सिंह, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग; प्रो. आशा दहिया, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग; एवं प्रो. बीनू, विभागाध्यक्ष, खाद्य एवं पोषण विभाग सहित अन्य शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।



गोहाना। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

समीक्षा पंवार और ललित पंवार ने ज्योति रुमावत, अभिषेक नैन और यशदीप सिवाच को किया सम्मानित

एशियन गेम्स के हॉकी खिलाड़ियों का घर पहुंचकर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों ज्योति रुमावत, अभिषेक नैन और यशदीप सिवाच का सम्मान किया गया। समाज सेविका समीक्षा पंवार और पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने खिलाड़ियों के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने हॉकी खिलाड़ी सुमित, साक्षी, शिल्पी डबास और नेहा गोयल को भी जीत की शुभकामनाएं दीं। समीक्षा पंवार और ललित पंवार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी का प्रतिनिधित्व करना सोनीपत क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके पीछे वर्षों की मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी खेल यात्रा के बारे में चर्चा की। समीक्षा पंवार ने कहा कि ग्रामीण और छोटे शहरों से निकलकर खिलाड़ी जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं तो इससे युवाओं को खेलों में करियर बनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने भी खिलाड़ियों को हमेशा सम्मान और प्रोत्साहन दिया है।



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी का सम्मान करते समीक्षा पंवार साथ में ललित पंवार।

प्रदीप सांगवान ने पदक विजेता सुनील को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भाजपा बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने एशियन गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता गांव भैंसवाल कलां निवासी सुनील मलिक को सम्मानित किया। वे भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान हैं। प्रदीप सांगवान ने कहा कि खिलाड़ी राष्ट्र की आन बान शान होते हैं।

खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक लाकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं। भाजपा की नायब सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पदक विजेता खिलाडिय़ों को पर्याप्त प्रोत्साहन राशि एवं अच्छी नौकरी देकर सम्मानित कर रही है। सरकार की अच्छी खेल नीति से निरंतर एशियाड और ओलम्पिक खेलो में पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस मौके पर सुनील मलिक के कोच भूपेन्द्र मलिक, जितेन्द्र शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, हरदीप मलिक, एशियन गोल्ड मेडलिस्ट प्रवेश मलिक, सरपंच अमरजीत, संदीप और नरेंद्र फौजी सहित खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।



गोहाना। पदक विजेता सुनील मलिक को सम्मानित करते हुए प्रदीप सांगवान।